# Swadesh Conclave 2023: Artificial Intelligence के बढ़ते चलन पर ILRF अध्यक्ष प्रदीप राय बोले – एआई ने लीगल वर्ल्ड में सभी का काम आसान बनाया

*स्वदेश कॉन्क्लेव 2023 के तीसरे सत्र को इंडिया लीगल रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप राय समेत कई इन्फ्लूयेंसर्स ने संबोधित किया। इस मौके पर आईएलआरएफ (ILRF) के अध्यक्ष प्रदीप राय ने लगातार बढ़ते एआई के चलन के बारे में कहा।*

By - August 21, 2023




*Swadesh Conclave 2023: Artificial Intelligence के बढ़ते चलन पर ILRF अध्यक्ष प्रदीप राय'बोले - एआई ने लीगल वर्ल्ड में सभी का काम आसान बनाया*

**Swadesh Conclave 2023:** स्वदेश कॉन्क्लेव एंड अवाड्र्स अपने आप में एक अनोखी पहल है। प्रतिष्ठित वार्षिक स्वदेश कॉन्क्लेव-इन्फ्लूयेंशल इंडिया का भव्य आयोजन नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में सोमवार को किया गया। इस कॉन्क्लेव का आयोजन बालाजी फाउंडेशन, एपीएन न्यूज़ और इंडिया लीगल की ओर से किया जा रहा है। दैनिक जागरण कार्यक्रम का मीडिया पार्टनर है। स्वदेश कॉन्क्लेव 2023 के अंतर्गत सोशल मीडिया में डंका बजाने वाले देशभर से करीब 45 इन्फ्लूयेंसर **(Influencers)** को सम्मानित किया जाएगा। स्वदेश कॉन्क्लेव का शुभारंभ केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

स्वदेश कॉन्क्लेव 2023 के तीसरे सत्र को इंडिया लीगल रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप राय समेत कई इन्फ्लूयेंसर्स ने संबोधित किया। इस मौके पर आईएलआरएफ **(ILRF)** के अध्यक्ष प्रदीप राय ने लगातार बढ़ते एआई के चलन के बारे में कहा। उन्होंने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की उपयोगिता के बारे में कई अहम जानकारियां दी।

*Swadesh Conclave*

# Swadesh Conclave 2023: आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से कोर्ट का काम हुआ आसान

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से कोर्ट का काम और अधिक आसान हो गया है, जोकि बेहद उपयोगी बन गया है। उन्होंने इस बाबत अपने भी अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा, हम लिक्विड टेक्ष्ट का इस्तेमाल शुरू कर चुके हैं। हम सिर्फ अपना आईपैड रखते हैं। उन्होंने कहा कि पहले जब आर्टिफिशल इंटेलिजेंस नहीं होता था तब हम 10-20 वॉल्यूम ले जाते थे।

स्वदेश कॉन्क्लेव के मंच से आईएलआरएफ **(ILRF)** के अध्यक्ष प्रदीप राय ने बताया कि सीजेआई चंद्रचूड़ ने हाल ही में अपनी कोर्ट में कहा कि उनकी अदालत फाइलों के साथ आने वाले लोगों को अनुमति नहीं देगी। वकीलों को डिजिटल प्रौद्योगिकियों का संदर्भ साथ में लाना होगा। इस दौरान आईपैड, मोबाइल फोन आदि का उपयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर पूर्व में अलग-अलग जनजातियां निवास करतीं हैं।

**यह भी पढ़ें…**

**केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दीप प्रज्वलित कर किया Swadesh Conclave 2023 का भव्य आगाज**

**Swadesh Conclave 2023 LIVE UPDATES: 'दिल्ली में एक नया स्कूल नहीं खुला है'- मनोज तिवारी**